वैश्विक पहचान की ओर बढ़ता कदम- एमजेपीआरयू को वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग 2026 में बड़ी सफलता

ज़हीर अहमद
रूहेला टाइगर्स टाइम्स

(स्पेन की साइबरमेट्रिक लैब द्वारा प्रकाशित वेबोमेट्रिक्स विश्वविद्यालय रैंकिंग में विश्व के शीर्ष संस्थानों जैसे हार्वर्ड, एमआईटी और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय को प्रमुखता से दर्शाया गया है।)

विकास पुरुष कुलपति केपी सिंह

महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) ने वैश्विक शैक्षणिक मंच पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्पेन की प्रतिष्ठित साइबरमेट्रिक्स प्रयोगशाला (ब्लइमतउमजतपबे स्इ) द्वारा जारी वेबोमेट्रिक्स रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज 2026 (मइवउमजतपबे त्ंदापदह वँ ॅवतसक न्दपअमतेपजपमे 2026) में विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत में 262वां और एशिया में 1650वां स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग विश्वविद्यालयों की डिजिटल उपस्थिति, शैक्षणिक सामग्री की गुणवत्ता, शोध प्रकाशनों के प्रभाव और वेब पर उपलब्ध ज्ञान संसाधनों की उपलब्धता जैसे कठोर मानकों पर आधारित होती है। यह उपलब्धि एमजेपीआरयू की बढ़ती शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध गतिविधियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय अकादमिक योगदान को रेखांकित करती है। गौरतलब है कि यह रैंकिंग हार्वर्ड, एमआईटी और स्टैनफोर्ड जैसे विश्व के अग्रणी संस्थानों को भी शामिल करती है, जिससे यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के प्रेरणादायक मार्गदर्शन और राजभवन के अधिकारियों के निरंतर सहयोग को दिया है। कुलपति प्रो. के. पी. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने कहा, ष्यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हमारे समस्त शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के अथक परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। हमारा लक्ष्य केवल रैंकिंग में सुधार करना नहीं, बल्कि ज्ञान के सृजन और प्रसार के माध्यम से समाज की बेहतरी में योगदान देना है।ष उन्होंने आगे कहा, ष्उत्कृष्टता कोई गंतव्य नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली एक यात्रा है। यह सफलता हमें और ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देती है, और हम वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ष

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि संस्थान की उस निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके तहत शोध को बढ़ावा देना, डिजिटल संसाधनों का विस्तार करना, गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों को प्रोत्साहित करना और वैश्विक अकादमिक सहयोग को मजबूत करना शामिल है। एमजेपीआरयू आने वाले वर्षों में भी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने तथा अपनी वैश्विक रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

डॉ विनय वर्मा
मीडिया प्रभारी
तपन वर्मा और जहीर अहमद
मीडिया प्रभारी
विनय

उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों की स्थिति (Webometrics)

क्रम	विश्वविद्यालय	भारत रैंक	एशिया रैंक
1	लखनऊ विश्वविद्यालय	123	938
2	चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ	166	1159
3	एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ	231	1429
4	मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर	239	1477
5	**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**	**240**	**1487**
6	महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली	262	1560
7	बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी	359	1916
8	डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या	514	2620
9	चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर	518	2657
10	नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या	522	2673

"Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly has achieved notable success in the Webometrics Ranking of World Universities 2026. The university has secured 262nd position in India and 1650th position in Asia. This achievement reflects the university's continuous progress in digital presence, research activities, and academic excellence."